भाजपा को बड़ा सियासी झटका, संगठन में मचा भूचाल

जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह का इस्तीफा, नेतृत्व पर सीधे आरोप, अब तक एक नहीं दो इस्तीफे, भाजपा संगठन में बढ़ती असंतोष की आग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । भाजपा जिले में इस समय गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रही है। संगठन की मजबूती और अनुशासन के दावे करने वाली भाजपा को उस वक्त करारा झटका लगाए, जब जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बैस ने अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया। यह इस्तीफा कोई साधारण घटनाक्रम नहीं, बल्कि संगठन के भीतर पनप रहे असंतोष, उपेक्षा और गुटबाजी का खुला दस्तावेज माना जा रहा है। खास बात यह है कि सुरेंद्र प्रताप सिंह के इस्तीफे के साथ ही अब तक दो जिला उपाध्यक्ष अपने पद छोड़ चुके हैं, इसके पहले राजेश तिवारी रज्जू ने उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया था। जिससे

भाजपा की अंदरूनी हालत उजागर हो गई है। इस्तीफे में सुरेंद्र प्रताप सिंह ने साफ तौर पर जिला नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा है कि 26 दिसंबर को सिंगरौली मंडल अध्यक्ष के साथ हुई घटना ने पार्टी की छवि को गहरा आघात पहुंचाया, लेकिन इसके बावजूद संबंधित पदाधिकारियों पर कोई ठोस अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। उलटे, जिन लोगों ने आवाज उठाई, उन्हें नजरअंदाज किया गया। यह स्थिति बताती है कि भाजपा में अब अनुशासन व्यक्ति विशेष और पद की ताकत देखकर तय किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पार्टी मंचों पर अनुशासन सर्वोपरि का नारा दिया जाता है, तो फिर जिला स्तर पर दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है।

एक ओर कुछ नेताओं पर तुरंत कार्रवाई होती है, तो दूसरी ओर गंभीर आरोपों के बावजूद कुछ पदाधिकारी अभयदान पाए रहते हैं। यही दोहरापन अब संगठन के भीतर विस्फोट का कारण बन रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह इस्तीफा केवल एक व्यक्ति की नाराजगी नहीं, बल्कि उस असंतोष का संकेत है जो लंबे समय से दबाया जा रहा था।

कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में यह भावना गहराती जा रही है कि पार्टी अब जमीन से जुड़े नेताओं की नहीं, बल्कि चुनिंदा चेहरों की हो गई है।

अब तक दो इस्तीफे भाजपा के लिए चेतावनी हैं और एक महिला नेत्री भी त्याग पत्र देने पर अमादा है, परंतु उन्हें बार-बार दबाया जा रहा है। यदि समय रहते संगठनात्मक सुधार, निष्पक्ष कार्रवाई और संवाद की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो आने वाले समय में यह असंतोष और बड़ा रूप ले सकता है।

सिंगरौली में भाजपा के लिए यह सिर्फ एक सियासी झटका नहीं, बल्कि संगठन की विश्वसनीयता पर सीधा हमला बन चुका है।

वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता के इस्तीफा से भाजपाई सन्न

भाजपा के जिले में इन दिनों गहरा संगठनात्मक असंतोष उभरकर सामने आ रहा है। पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ, अनुभवी एवं सूझबूझ वाले कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रताप सिंह बैस द्वारा अपने जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया जाना इसी असंतोष का प्रत्यक्ष उदाहरण माना जा रहा है। श्री बैस बीजेपी के उन जमीनी नेताओं में सुमार हैं, जिन्होंने दशकों तक संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। वे पूर्व में जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष, कई बार विस चितरंगी के लोस एवं विस चुनाव के प्रभारी और संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं। ऐसे अनुभवी और समर्पित नेता का पद छोड़ना संगठन के लिए चिंताजनक संकेत माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मौजूदा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के कार्यकाल में अपनाई जा रही कार्यशैली, निर्णय प्रक्रिया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा से श्री बैस समाज गहरे आहत हैं।

मण्डल अध्यक्ष मोरवा को लेकर भाजपा में असंतोष

बैस समाज का कहना है कि भाजपा हमेशा सामाजिक समरसता और न्याय की बात करती है, लेकिन जब मामला प्रभावशाली पदाधिकारी से जुड़ा हो, तब पार्टी के सिद्धांत कमजोर पड़ जाते हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि विनोद सिंह कुरवंशी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। बावजूद इसके आज तक केवल नोटिस और फाइलें आगे बढ़ाने की बात कही जा रही है। समाज के लोगों का यह भी कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम से बैस समाज खुद को अपमानित और उपेक्षित महसूस कर रहा है। यदि भाजपा ने समय रहते निष्पक्ष और कठोर निर्णय नहीं लिया, तो यह नाराजगी केवल मोरवा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जिले और प्रदेश स्तर तक जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह मामला अब सिर्फ कानून या अनुशासन का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का बन चुका है। भाजपा के लिए यह एक परीक्षा की घड़ी है कि वह अपने कथन और कर्म में समानता लाती है या फिर संगठन पर संरक्षण की राजनीति का ठप्पा और गहरा होता जाएगा।

क्षेत्र के समस्त वार्डों में नियमित रूप से जल की गुणवत्ता जांच करें : आनन्द

इंजीनियर-इन-चीफ ने जल योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । नपानि क्षेत्र अंतर्गत संचालित जल प्रदाय व्यवस्था एवं अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों का आज दिन सोमवार को इंजीनियर-इन-चीफ, भोपाल आनंद सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दोनों वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट डब्ल्यूटीपी निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी एवं पानी की टंकियों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह के समक्ष ही जल की गुणवत्ता जांच वाटर टेस्टिंग कराई गई, जिसमें जल निर्धारित मापदंडों के अनुसार सुरक्षित पाया गया। श्री सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ननि क्षेत्र के समस्त वार्डों में नियमित रूप से जल की गुणवत्ता जांच की जाए। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर में

इंटक का नव वर्ष मिलन समारोह आज

सिंगरौली। यूथ इंटक और राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ के तत्वाधान में इंटक का कार्यकर्ता सम्मेलन और नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन दुद्धिचुआ स्थित सूर्यकीरण भवन में कल दिन मंगलवार की शाम 5 बजे होना है। जिसमें म.प्र. इंटक के अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इंटक की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा वीणा सिंह के उपस्थिति रहेगी।

जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

सिंगरौली। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव बैनल के द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सिंगरौली जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल-2, एफएल-3, एफएल-7 पूर्णत: बंद रखे जाने के साथ ही जिले की मदिरा उत्पादन इकाई लायसेंस, एफएल-2 एफएल-3 आरएस डब्लयू तथा स्टोर मद्यभाण्डारागार आयात-निर्यात एवं परिवहन पूर्णत: बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाईटी की वार्षिक आमसभा 11 को

सिंगरौली। इंडियन रेडक्रॉस सोसाईटी सिंगरौली की वार्षिक आमसभा आगामी 11 फरवरी दिन बुधवार की सुबह 11 बजे से केन्द्रीय कार्यालय, जिला दिव्यांग पुनर्वास भवन बैढ़न में आयोजित की गई है। रेडक्रॉस सोसाईटी के जिला सचिव के अनुसार आमसभा की बैठक में पूर्व बैठक की पुष्टिकरण के बाद वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 की प्रस्तुती एवं अनुमोदन, अंकेक्षित लेखा वृत्ति वर्ष 2024-25 का अंगीकरण एवं वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2026-27 तथा वार्षिक बजट वर्ष 2026-27 की स्वीकृति पर चर्चा होगी।

सभी कार्यालयों में महत्वपूर्ण भवनों को तिरंगा रंगो की लाइट में सजाएं : गौरव

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित किया जायेगा। समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजन को आयोजित किए जाने के लिए जिलाधिकारियों को पृथक-पृथक दायित्व सौपते हुयें निर्देशित किया कि समय सीमा के अंदर सौपे गये कार्यो को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शासकीय एवं महत्वपूर्ण स्थलो में 26 जनवरी को समय प्रात: 8 बजे पूर्व कार्यालयो, संस्था प्रमुखो द्वारा ध्वाजा रोहण किया जायेगा तथा मुख्य कार्यक्रम राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में प्रात: 9 बजे से होगा। जिसमें सभी शामिल होंगे। गत वर्ष की भाति गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 एवं 26 जनवरी की रात में सभी कार्यालयों में महत्वपूर्ण भवनों को तिरंगा रंगो की लाईट में सजाते हुयें विभाग प्रमुखो द्वारा रोशनी की व्यवस्था की जायेंगी, जिसके व्यय का वहन संबंधित विभाग स्वंय करेंगे। साथ ही शहर के मुख्य मार्गो के चारो ओर पर्याप्त रोशनी एवं फूल मालाओ से शहर को सजाये जाने के लिए ननि आयुक्त को जिम्मेदारी सौपी गई। गत वर्ष के भाति इस वर्ष भी प्रभात फेरी समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली जायेगी, जिसके लिए डीईओ को निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मौजूद रहे।

मॉडल रोड बनी मुसीबत रोड, माजन से नवजीवन बिहार तक जनता बेहाल

जर्जर सड़क पर ननि में घमासान, विशेष सदन बैठक की मांग तेज, गड्ढों में तब्दील सड़क

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माजन चौक से नवजीवन बिहार चौक तक की मॉडल रोड अपनी बदहाली को लेकर अब नगर निगम के लिए सिरदर्द बन चुकी है। सड़क की जर्जर हालत से त्रस्त पार्षदों ने ननि अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क निर्माण और समस्या के स्थायी समाधान के लिए निगम सदन की विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। इस मांग के बाद ननि में हलचल तेज हो गई है।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया

है कि माजन चौक से नवजीवन बिहार चौक तक की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जिसमें स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद संतोष कुमार शाह ने सड़क की स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सड़क ननि क्षेत्र की प्रमुख और व्यस्त सड़कों में शामिल है। इसके बावजूद लंबे समय से मरम्मत और पुनर्निर्माण को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

महापौर पर फोड़ा जा रहा है ठीकरा

वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय ने पार्षदों के ज्ञापन की पुष्टि करते हुए कहा कि माजन चौक से नवजीवन बिहार चौक तक की सड़क की समस्या गंभीर है और इसे हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमानुसार प्रस्ताव पर विचार कर आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ननि जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर है और समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल सड़क निर्माण को लेकर विशेष बैठक बुलाने की मांग के बाद ननि के गलियारों में राजनीतिक और प्रशासनिक सरगर्मी बढ़ गई है। यहां बताते चले कि आरोप लगाये जा रहे हैं कि महापौर रानी अग्रवाल उक्त सड़क के नस्थियों को लटका कर भटका रही हैं और आरोप लग रहा है कि वे इस सड़क में रोड़ा डाली हुई है। हालांकि महापौर ने पहले भी इन आरोपो से पल्ला झाड़ लिया है।

डी-पॉल में कक्षा-12वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । सियाओं अर्थात अलविदा की थीम पर डी-पॉल स्कूल विंध्यनगर में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक भावपूर्ण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

स्कूली जीवन के सुनहरे पलों को याद कराते हुए वीडियो प्रस्तुतीकरण द्वारा रूबरू करवाया तथा जीवन की नयी पारी के लिए मंगल शुभकामनाओं दीं। इसके बाद विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए ताकि, वे अपने विद्यालयी जीवन की इन मधुर स्मृतियों को सदैव संजोकर रखें।

कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बनाने के लिए अध्यापकों द्वारा विशेष प्रस्तुतियाँ दी गई। जिसमें मेल टीचर्स द्वारा कव्वाली तथा शानदार संगीतमय ऑर्केस्ट्रा ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया और सबने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्य फादर जोबी जोसफ ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की स्वर्णिम कामना करते हुए उन्हें असफलताओं से न घबराते हुए जीवन पथ पर आत्मविश्वास और दृढ़ता के बढ़ने की बात कहीं।

दिशिता महिला मंडल ने गृह सहायिकाओं को वितरित किया कम्बल

नवभारत न्यूज

अनपरा 19 जनवरी । दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक कार्यो के लिए दिशिता महिला मंडल रेनुसागर सदैव अग्रणी रही है। इसी क्रम में प्रेक्षागृह के प्रांगण में 81 गृह सहायिकाओं को कम्बल वितरण किया गया है। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन एवं निशा पांडेय ने संयुक्त रूप से सम्बोधन में कहा कि आज के इस पुनीत अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

आउटसोर्स कर्मचारियों ने मानदेय को लेकर खोला मोर्चा

आउटसोर्स कर्मचारियों ने जताई नाराजगी, लंबित भुगतान व अवकाश की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । जिले के विभिन्न चुनावी कार्यों में लगे आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई है। आज सोमवार को कर्मचारियों ने कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए सामूहिक अवकाश की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल के आदेशानुसार वर्ष 2016-17 से

लगातार पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें लंबित पड़ी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के तहत दिन-रात काम लिया जा रहा है, यहां तक कि शनिवार और रविवार को भी लगातार ड्यूटी कराई जा रही है। इसके बावजूद उन्हें निर्धारित मानदेय का समय पर भुगतान नहीं मिल रहा। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद 11 माह का एरियर भुगतान अब तक नहीं किया गया है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने चार प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली, आउटसोर्स कर्मचारियों का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाए और मध्यस्थ फर्म को हटाया जाए। दूसरी, हाईकोर्ट के निर्देशानुसार 11 माह का एरियर तत्काल जारी किया जाए। ज्ञापन के अंत में कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

आनंद मेला रहा सामाजिक-सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 19 जनवरी । वनिता समाज शक्तिनगर के तत्वाधान में एनटीपीसी सिंगरौली स्थित केंद्रीय विद्यालय ग्राउंड में 17 एवं 18 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय आनंद मेला का 18 जनवरी को सफल, शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों नागरिकों ने परिवार सहित सहभागिता कर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मनोरंजन से परिपूर्ण इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामुदायिक एकता, पारिवारिक सौहार्द एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने वनिता समाज द्वारा जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आनंद मेला जैसे आयोजन स्थानीय लोक-संस्कृति, सामाजिक सहभागिता तथा सकारात्मक संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध होते हैं।

निगाही क्षेत्र में एनसीएल का अभ्युदय मेला आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जनवरी । एनसीएल सिंगरौली द्वारा बीते रविवार को अपने निगाही क्षेत्र में अभ्युदय मेला का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह मेला निगाही परियोजना के स्टेडियम परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह, आशुतोष द्विवेदी व मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल की मौजूद रही। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से क्षेत्रीय महाप्रबंधक

मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने मेले में सहभागिता की। अभ्युदय मेले में विभिन्न विषयों को समर्पित कुल 76 स्टॉल लगाए गए, जिनमें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं उद्यमिता से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए गए। निदेशकगण ने मेले का अवलोकन करते हुए स्टॉल संचालकों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। मेले में एनसीएल की महिला समितियों द्वारा प्रदर्शित जूट उत्पाद, वस्त्र अन्य उपयोगी वस्तुएं दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

जाम के झाम से त्रस्त कसर-गोरबी, कोल वाहनों की दबंगई से ठप यातायात

सड़क पर खड़े कोयला ट्रकों ने बढ़ाई मुसीबत, जनता व व्यापारियों में आक्रोशय प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

नवभारत न्यूज

चितरंगी 19 जनवरी । ऊर्जा नगरी सिंगरौली में इन दिनों कसर-गोरबी सड़क मार्ग जाम का पर्याय बन चुका है। इस मार्ग पर चल रहे कोल वाहनों की दबंगई ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

हालत यह है कि बे रोक-टोक अपनी मनमानी करते हुए कोयला से लदे भारी ट्रक सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे घंटों लंबा जाम लग जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन

चालकों, स्कूली बच्चों और छोटे व्यापारियों को झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोल वाहन चालक नियमों की खुली धज्जियां उड़ा रहे हैं। सड़क किनारे खड़े होने के बजाय ये ट्रक बीच सड़क पर ही कतार बनाकर खड़े हो जाते हैं। कई बार तो एक लेन पूरी तरह बंद हो जाती है, जिससे आने-जाने वाले वाहन रेंगते नजर आते हैं। जाम की वजह से रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

एम्बुलेंस एवं स्कूली वाहन भी जाम से जूझते हैं

जाम से एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भी अछूती नहीं हैं। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देर हो जाती है, जिससे हालात और गंभीर हो जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को रोजाना लेट होना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस अव्यवस्था पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि कसर-गोरबी मार्ग जिले का प्रमुख औद्योगिक मार्ग है, जहां हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में कोल वाहनों की मनमानी पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। लोगों की मांग है कि प्रशासन कोल वाहनों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें और ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई हो। फिलहाल कसर-गोरबी सड़क मार्ग पर कोल वाहनों की दबंगई और प्रशासन की खामोशी ने जनता को जाम के झाम में झोंक दिया है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।